प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय ने देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया

पंतनगर। 16 जुलाई 2019। पंतनगर विश्वविद्यालय ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की रैंकिग में देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ने आज पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 91वें स्थापना दिवस पुरस्कार वितरण समारोह एवं अभिनव किसान सम्मेलन में यह अवार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री, श्री परषोत्तम रुपाला एवं श्री कैलाश चौधरी, भी उपस्थित थे। इस समारोह का आयोजन परिषद के पूसा, नई दिल्ली, स्थित एनएएससी, कॉम्पलेक्स में किया गया।

ज्ञात हो कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विश्व के विश्वविद्यालयों के ढांचे में भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों का स्तर सुधारने के उद्देश्य से देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों की रैंकिंग करती है। कुलपति, डा. तेज प्रताप ने इस अवसर पर सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है तथा इसने अपनी स्थापना से ही अपने अभिनव कार्यक्रमों एवं पाठ्यक्रमों से देश के अन्य कृषि विश्वविद्यालयों का मार्ग दर्शन किया है। अनेक वर्षों तक अपनी उत्कृष्टता का झंडा फहराते रहने के बाद पिछले कुछ वर्षों से विश्वविद्यालय नये बदलावों के कारण प्रतिस्पर्धा की दौड़ में कुछ पीछे रह गया था, किन्तु यह पुनः अपने शीर्ष स्थान को पाने हेतु कृत-संकल्प है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि पंतनगर विश्वविद्यालय शीघ्र ही भारत के कृषि विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। इस समाचार से विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिकों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी व उत्साह का संचार हुआ है तथा सभी नये प्रयासों से विश्वविद्यालय को और आगे ले जाने हेतु उत्सुक हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर से अवार्ड प्राप्त करते पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप; साथ में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री, श्री परषोत्तम रुपाला (बांये) एवं श्री कैलाश चौधरी (दायें)।